तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिरी | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 150 छात्रों ने पेश किए नए आइडिया, पांच करोड़ की...



12 स्थानीय बाजार में अब 140 रू. किलो बिकेगी ग्रामीण तालाब...




## औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### छग प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत आज धमतरी में

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी सुखदेव भगत का बस्तर प्रवास के



दौरान प्रथम बार धमतरी आगमन हो रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रातः 10 बजे बठेना चौक के पास भव्य स्वागत किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### शीतला मंदिर में शारदीय नवरात्रि की तैयारी

**मगरलोड।** शारदीय क्वांर नवरात्रि में ग्राम राजपुर के शीतला मंदिर प्रांगण में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। ज्योति शुल्क 901 रूपये है। तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, सचिव गोपाल राम साहू, कोषाध्यक्ष गोपालराम निषाद, आनंद सिन्हा, टोमन यदु, देवलाल कंवर, भुनेश्वर सिन्हा जुटे हुए हैं।

### कंडेल में कबड्डी स्पर्धा 8 को

**पुरी।** ग्राम कंडेल में शिवाजी स्पोर्ट्स क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10,000 रु., द्वितीय 7000 रु., तृतीय 4000 रु., चतुर्थ पुरुस्कार 2000 रु. दिए जायेंगे। प्रवेश शुल्क 300 रु. रखा गया है। तैयारी में समिति के अध्यक्ष अजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष कोषलेश सिन्हा , सचिव पारसमणि साहू, सहसचिव रेशम नेताम, कोषाध्यक्ष देवनारायण सार्वा जुटे हैं।

### ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक 9 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ ब्लॉक धमतरी की बैठक 9 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे मिशन ग्राउंड धमतरी में रखी गई है। इस दौरान पंचायत भृत्य की मांग पर चर्चा की जाएगी। धमतरी ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत भृत्य से उपस्थित होने की अपील ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव पीताम्बर निर्मलकर, कोषाध्यक्ष तेजपाल साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने की है।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने 29 कमजोर स्कूलों पर शिक्षा विभाग की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सुधार के लिए शिक्षा विभाग ने कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं और 12वीं के 60 प्रतिशत से कम परिणाम वाले जिले के 29 स्कूलों को चिन्हित किया गया है। इन स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए निरीक्षण दल लगातार गतिविधियों की समीक्षा करेगा।

- 60 प्रतिशत से कम रिजल्ट वाले स्कूल चिन्हित

## कमजोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण और नियमित काउंसलिंग पर जोर

### कमजोर विद्यार्थियों पर रहेगा फोकस

29 सितंबर से शुरू अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने स्कूल का निरीक्षण किया। एक स्कूल के कक्षा 10वीं के गणित और कक्षा 12वीं कला संकाय के अंग्रेजी विषय का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर मिला। डीईओ ने शिक्षकों से विषयवार जानकारी लेकर कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर उपचारात्मक शिक्षण कराने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की काउंसलिंग और पालकों से नियमित संपर्क रखने पर भी जोर दिया गया।



### स्कूलों का परिणाम 50 प्रतिशत से कम

जिले में कक्षा 10वीं के 27 और कक्षा 12वीं के दो स्कूलों का परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहा है। इनमें 10वीं के 10 स्कूल और 12वीं का एक स्कूल 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले हैं।

### हर पखवाड़े होगी प्रगति

डीईओ ने नियमित लिखित अभ्यास कराने और हर पखवाड़े उत्तरों की जांच के निर्देश दिए। इससे विद्यार्थियों की विषय समझ और लेखन क्षमता का आकलन किया जाएगा। स्कूल के किचन गार्डन और शौचालय को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए गए। डीईओ मधुलिका तिवारी ने कहा कि मासिक टेस्ट और त्रैमासिक परीक्षा के परिणामों की समीक्षा कर बोर्ड परिणाम सुधारना विभाग की प्राथमिकता है।

15 पार्षद, 1 अध्यक्ष के लिए होगा मतदान, 17 ग्राम पंचायत भी उपचुनाव के लिए चिन्हांकित

# नगर पंचायत करेली में पहली बार होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पंचायत करेली में पहली बार चुनाव होगा। इस नवीन नगर पंचायत के सभी 15 वार्ड पार्षद और नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए तैयारी शुरू हो गई है। चुनाव दिसंबर में संभावित है। इसके साथ ही जिले की 17 ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच के रिक्त पदों पर उपचुनाव होगा। इन चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार की जा रही है।

मगरलोड ब्लाक के ग्राम बड़ी करेली और खट्टी को मिलाकर दिसंबर 2025 में नगर पंचायत बनाया गया है। नगर पंचायत बनने के बाद से लेकर अब तक यहां निकाय चुनाव नहीं हुआ है। पिछले उपचुनाव के समय यहां ग्राम पंचायत को भंग नहीं किया गया था और न ही सीएमओ आए थे। अब ग्राम पंचायत भंग हो चुकी है। इस बार उपचुनाव के साथ बड़ी करेली नगर पंचायत का चुनाव भी निबटाने की तैयारी चल रही है। यहां पर 15 वार्ड हैं। प्रत्येक वार्ड के लिए एक-एक मतदान केंद्र बनाया जाएगा। परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। दोनों गांव को मिलाकर जनसंख्या करीब 6 हजार है। अब यहां पर मतदाता सूची बनाने का काम चल रहा है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर को होगा। इसी दिन से दावा आपत्ति भी ली जाएगी। इसके बाद 3 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उम्मीद है कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद एक सप्ताह में चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी।




### 17 पंचायतों में होगा उपचुनाव

इस बार उपचुनाव के लिए 17 पंचायत चिन्हित हैं। जानकारी के अनुसार धमतरी ब्लॉक के अछोटा, बरारी, सेनचुवा, डोमा, कुरूद ब्लाक के कमरौद, भाठागांव, चिंवरी, सिलघट, मगरलोड ब्लाक के करेली छोटी, मोहंदी, चंद्रसुर, नगरी ब्लाक के सियारीनाला, कांटाकुर्रीडीह में पंच का चुनाव होगा। इसी प्रकार नगरी के पाइकभाठा, मगरलोड के मोतिमपुर, कुरुद ब्लाक के कोर्रा और जोरातराई में सरपंच चुनाव होगा। जोरातराई में सरपंच का मामला कोर्ट में लंबित है, जिसके चलते यहां पर चुनाव होने की उम्मीद कम है। बाकी के 16 ग्राम पंचायतों में चुनाव निश्चित है।

### मोतिमपुर में होगा सरपंच का इंतजार खत्म

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद से ही मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत मोतिमपुर में सरपंच का पद रिक्त पड़ा हुआ है। यहां पर आरक्षण के तहत अजजा मुक्त उम्मीदवार के लिए सरपंच पद आरक्षित रखा गया था। यहां पर कोई भी अजजा वर्ग का मतदाता नहीं था। ऐसे में यहां सरपंच पद रिक्त पड़ा हुआ है। अब जानकारी मिल रही है कि एक महिला का नाम यहां की मतदाता सूची में जुड़ गया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार पंचायत चुनाव में मोतिमपुर को सरपंच मिल सकता है, लेकिन यह तभी संभव है, जब वह महिला सरपंच बनने में रूचि ले।

## स्कूल के पीछे जुआ खेलते 3 जुआरी गिरफ्तार



भखारा पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्कूल के पीछे चले रहे जुआ फड़ में पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर तीन जुआरी को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जिले में जुआ सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार प्रभावी व कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम जोरातराई स्थित शासकीय हाईस्कूल के पीछे खेत जाने वाले कच्चे रास्ते पर कुछ व्यक्तियों द्वारा रूपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेले जाने की सूचना मिली। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम मौके पर पहुंच घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान गोविंद साहू पिता कांतू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम जोरातराई थाना भखारा, रवि कोसले पिता महेंद्र उम्र 19 वर्ष ग्राम गोबरा नयापारा एवं मनहरण चतुर्वेदी पिता पुरानिक उम्र 33 वर्ष ग्राम खपरी थाना कुरुद निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ उनके कब्जे से 6500 रुपए व ताश बरामद कर जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना में धारा 3/2 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

## बारिश थमी पर पानी की निकासी नहीं





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश थमने के बाद शहरवासियों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन कई निचले इलाकों में अब भी पानी जमा होने से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण रास्तों और खाली जगहों पर पानी जमा है, जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है।

- शहर के कई इलाकों में परेशानी बरकरार

पोस्ट आफिस वार्ड, सोरिद, लालबगीचा, बठेना, गोकुलपुर, औद्योगिक क्षेत्र, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, विवेकानंद कालोनी और अटल आवास सहित कई क्षेत्रों में जलभराव बना हुआ है। खाली प्लाट और जगह-जगह बने गड्ढों में पानी जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर घरों के आसपास भी नमी बनी हुई है।

विंध्यवासिनी वार्ड में बिलाई माता मंदिर के पास और पुराना बैला बाजार क्षेत्र में पानी जमा है। रमसगरी तालाब के पास सड़क किनारे खाली प्लाट में भी पानी भरा हुआ है। सोरिद वार्ड की कई कालोनियों में बारिश रुकने के बाद भी पानी की निकासी नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि हर बारिश में जलभराव की समस्या सामने आती है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल पानी निकासी कराने के साथ स्थायी समाधान की मांग की है।

## पत्नीहंता को आजीवन कारावास की सजा

**धमतरी।** चरित्र संदेह पर पत्नी की हत्या करने वाले को न्यायालय ने आजीवन कारवास से दंडित किया है। इसके अतिरिक्त उसे 500 रुपए का अर्थदंड भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं चुकाने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

घटना 10 जून 2025 की है। नगरी कोटपारा निवासी धनेश्वर पटेल ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी मीनाक्षी की पटेल की हंसिया मारकर हत्या कर दी। इसकी सूचना धनेश्वर की मां भजन बाई ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने छानबीन के बाद मामला प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मोहन सिंह कोर्राम के न्यायालय में प्रस्तुत किया। सभी सबूतों और गवाहों पर गौर करने के बाद न्यायाधीश श्री कोर्राम ने धनेश्वर को हत्या का दोषी करार दिया। उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (3) के अपराध में आजीवन कारवास और 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## खनिज अधिकारी के खिलाफ कांग्रेसियों का मोर्चा

- सिहावा रोड में अवैध रेत भरे वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग, खराब सड़क पर भी बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा रोड में धूल, खराब सड़क और अवैध रेत भरकर दौड़ रहे ट्रैक्टरों से राहगीर खतरे के साए में सफर करने को मजबूर है। शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। दो दिन पहले भी कांग्रेसी इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं।

मंगलवार को शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कांग्रेसी कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए उन्होंने बताया कि सिहावा रोड में अवैध रेत, खराब सड़क, उड़ती धूल को लेकर उन्होंने राज्यपाल को पहले भी अवगत कराया था, इसके बाद भी समस्या दूर नहीं हुई। अब तो समस्या इतनी बढ़ चुकी है कि लोग यहां से गुजरने में डरने लगे हैं। उन्होंने तत्काल सड़क की मरम्मत और डामरीकरण शुरू करने की मांग की है। जब तक सड़क की स्थिति नहीं सुधरती है, तब तक सड़क में धूल को उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव करने की भी मांग की है।



### अवैध रेत पर लगाम जरूरी

उन्होंने कहा कि धमतरी अवैध रेत का गढ़ गया है। महानदी से रोजाना सैकड़ों हाईवा और ट्रैक्टर से रेत निकल रही है। कोलियारी से लेकर सिहावा चौक तक इन गाड़ियों के चलने से सड़क की हालत खराब हो चुकी है। उन्होंने इस मार्ग पर अवैध रेत भरे वाहनों को पूरी तरह से बंद करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त जिला खनिज अधिकारी के अन्यत्र स्थानांतरण और अवैध रेत पर लगाम कसने के लिए सक्षम अधिकारी की नियुक्ति करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, भागी ध्रुव, योगेश शर्मा आदि शामिल थे।

### आज ग्राम पंचायतों में मनेगा रोजगार दिवस

**धमतरी।** आज जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ मुख्यमंत्री आवास योजना, जनमन आवास योजना एवं विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

जिले में अवैध शराब की खरीदी -बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई

# पुलिस का अवैध शराब पर शिकंजा, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध शराब की बिक्री व परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अर्जुनी व कुरूद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 80 पौवा अवैध शराब जब्त की है।

जिले में अवैध शराब की खरीदी -बिक्री, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एएसपी एवं अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली, अर्जुनी एवं कुरूद पुलिस द्वारा




अवैध शराब के अलग -अलग प्रकरणों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पहले प्रकरण में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से नहरपार व नहर नाका के पास अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गौरव नेताम उर्फ चाड़ी पिता कार्तिकराम उम्र 18 वर्ष आमापारा कोलियारी निवासी को अवैध शराब का परिवहन करते पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमत 2840 प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 05 एएफ 7765 कीमत 15 हजार रुपए को जब्त किया गया। कोतवाली में आरोपी गौतम नेताम उर्फ चाड़ी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/2 के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

### अर्जुनी पुलिस की कार्रवाई

दूसरे मामले में अर्जुनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सांकरा मुख्य नहर के पास कार्रवाई करते हुए उमेश चेलवानी पिता शत्रुहन उम्र 34 वर्ष ग्राम पीपरछेड़ी गागरा थाना अर्जुनी निवासी को अवैध शराब बिक्री करते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 16 पौवा अवैध शराब, बिक्री रकम 330 रुपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/1 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### कुरूद पुलिस की कार्रवाई

तीसरे मामले में कुरूद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम उमरदा ओव्हरब्रिज से ग्राम चर्रा शराब भट्ठी के बीच रामसागर तालाब के पास कार्रवाई करते हुए रेशकुमार सोनकर पिता हेमंत उम्र 34 वर्ष बरपारा नगरी निवासी को अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमत 3520 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त की गई। कुरुद पुलिस द्वारा थाने में धारा 34/2 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी रेशकुमार सोनकर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## पिंकी के परिजनों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग



- कलेक्टोरेट पहुंचकर फोरेंसिक जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगालने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री रोड स्थित एक लॉज में युवती की मौत हुई थी। परिजनों ने पहले ही हत्या का संदेह व्यक्त किया था। मंगलवार को वे कलेक्टोरेट पहुंचे और इस मामले की उच्चस्तीय जांच की मांग की है। कुछ दिन पहले रूद्री रोड स्थित एक लॉज में कवर्धा निवासी युवती पिंकी मानिकपुरी की लाश मिली थी। मंगलवार को पिंकी के पिता दयालुदास मानिकपुरी और माता रनिया मानिकपुरी कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की मौत को आत्महत्या बताया जा रहा है, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें हत्या होने की आशंका है। उन्होंने घटना स्थल की वैज्ञानिक और फोरेंसिक परीक्षण, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल रिपोर्ट की विशेषज्ञों से समीक्षा, घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज की जांच, मृतका के परिजनों, मित्रों सहित घटना से जुड़े सभी व्यक्तियों का बयान लेने, घटना से पूर्व मृतका के संपर्क में रहे व्यक्तियों की भूमिका की जांच की मांग की है।

# पीएम आवास योजना से चार सदस्यों के परिवार को मिली सुरक्षित छत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बारिश की बूंदें कभी खुशी लेकर आती हैं, तो कभी किसी गरीब परिवार के लिए चिंता। कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत जीजामगांव श्रीमती श्याम बाई पटेल के लिए बारिश का मौसम लंबे समय तक राहत नहीं, बल्कि परेशानी का दूसरा नाम था। कच्ची दीवारों और जर्जर छत वाले छोटे से मकान में परिवार के चार सदस्यों के लिए हर बारिश एक नई चिंता लेकर आती थी। आज वही परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बने अपने पक्के मकान में सुरक्षित और सम्मान के साथ जीवन बिता रहा है।

श्रीमती श्याम बाई का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था। परिवार के पास स्वयं की कृषि भूमि नहीं थी। पति-पत्नी दोनों मजदूरी कर परिवार की जरूरतें पूरी करते थे। सीमित आमदनी में बच्चों की पढ़ाई, भोजन और रोजमर्रा के खर्चों के बीच पक्का मकान बनाना उनके लिए वर्षों से केवल एक सपना था। मिट्टी की दीवारों वाला यह घर केवल एक कमरे का था, जिसमें पति-पत्नी और उनके बेटे-बेटी को साथ रहना पड़ता था। बारिश में कच्ची छत से पानी टपकता और दीवारों में सीलन भर जाती।

## श्याम बाई के लिए ईंट-सीमेंट का मकान नहीं, सुरक्षा और सम्मान का घर है

### योजना बनी उम्मीद की मजबूत नींव

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत श्याम बाई के परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए पात्र पाया गया। ग्राम पंचायत जीजामगांव के माध्यम से उनका चयन हुआ और वर्षों से अधूरा पड़ा पक्के घर का सपना अब पूरा होने की दिशा में बढ़ा। जनपद पंचायत कुरूद में उन्हें योजना के प्रावधानों, आवास निर्माण की प्रक्रिया, किस्तों के भुगतान और निर्धारित मापदंडों की जानकारी मिली। धीरे-धीरे दीवारें उठीं, छत बनी और आखिरकार वह दिन आया जब परिवार ने अपने नए पक्के मकान में प्रवेश किया।





### अब बारिश डराती नहीं, सुकून देती है

आज श्याम बाई का घर सिर्फ ईंट और सीमेंट से बना मकान नहीं, बल्कि परिवार की सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का आधार बन गया है। पक्के मकान ने परिवार को सुरक्षित छत देने के साथ ही बच्चों के लिए बेहतर वातावरण और परिवार के सदस्यों में आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। कभी जिस घर में बारिश की बूंदों से बचने की चिंता रहती थी, आज उसी परिवार के पास सुरक्षित छत है।

## खबर संक्षेप



### ग्राम अमलीडीह में मनोकामना ज्योति जलेगी

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह के मां बम्लेश्वरी मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। तेल ज्योति 701 रुपए और घी ज्योति 1501 रुपए है। अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है।

### घुटकेल के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का किया सम्मान

**नगरी।** ग्राम पंचायत घुटकेल में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन उत्सव, न्योता भोज एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवाएं देने वाली कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। सरपंच एवं वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं गांव के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मौके पर सरपंच कुसुमलता मरकाम, उपसरपंच जय सवाल, जागेश धुव, भगतू, डुलेराम, महेश, संगीता ,तेजराम, नरसिंग, तेजनाथ साहू, मितानिन मरकाम, मेघा मरकाम, हीराबाई नाग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों के बीच आपसी संवाद भी हुआ तथा सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## निधन

### पुरानिकराम नेताम



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेमरा डी निवासी पुरानिकराम नेताम 62 वर्ष का निधन 5 अक्टूबर सोमवार को हो गया। वे सुनीति नेताम के पति एवं ईश्वरलाल नेताम के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद-1 जिला - धमतरी**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202609131500008/अ-74/वर्ष 2025-26 क्रमांक/445/वा.-1/तह./2026
कुरूद, दिनांक 05/10/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश कुमार पिता धुरवा राम लहरे, जाति सतनामी, निवासी ग्राम अंवरी तह. कुरूद, द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम अंवरी, तहसील कुरूद स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 1095 एवं 1382 रकबा क्रमशः 0.03 एवं 0.44 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक की माता पार्वती बाई पति धुरवा तथा अन्य के संयुक्त नाम से दर्ज है। आवेदक द्वारा अपने पिता धुरवा की मृत्यु वर्ष 2008 में होना तथा अपनी माता पार्वती बाई द्वारा लगभग 30-32 वर्ष पूर्व पति एवं बच्चों को छोड़कर अन्य व्यक्ति से पुनर्विवाह कर चले जाने का उल्लेख किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि में अपने अधिकार का उल्लेख करते हुए राजस्व अभिलेख में सहखातेदार के रूप में अपना दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 16.10.2026 को समय 11:00 बजे लिखित में आपत्ति पेश कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
कुरूद

मुहर

## राज्यपाल रमेन डेका ने की हौसला अफजाई

# किताबों से खेतों तक : कुरूद की नियति ने कलम से खींची सफलता की लकीर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

हाथों में कृषि विज्ञान की तकनीकी किताबें और दिल में साहित्य का गहरा अनुराग-कृषि महाविद्यालय कुरूद की द्वितीय वर्ष की छात्रा नियति साहू ने यह साबित कर दिखाया है कि विज्ञान और साहित्य एक साथ फल-फूल सकते हैं। नियति द्वारा लिखी गई पुस्तक का औपचारिक विमोचन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में एक विशेष समारोह के दौरान किया।

पुस्तक का विमोचन करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने युवा लेखिका की प्रतिभा की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि जैसी तकनीकी विधा की पढ़ाई करते हुए साहित्य के क्षेत्र में सृजन करना यह दर्शाता है कि राज्य के युवाओं की सोच कितनी बहुआयामी है। उन्होंने नियति को निरंतर लिखते रहने और अपनी रचनात्मकता से समाज को दिशा देने के लिए प्रेरित किया।

समारोह के भावुक पलों में नियति के पिता नारायणप्रसाद साहू, डॉ. ए. कुरैशी और जितेंद्र सुकुमार साहिर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक मौजूद रहे, जिन्होंने इस युवा लेखिका की साहित्यिक यात्रा की नई शुरुआत का स्वागत किया।



### प्राकृतिक खेती और शब्दों की जुगलबंदी

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नवनीत राणा ने इसे पूरे संस्थान के लिए गौरवशाली पल बताते हुए कहा कि क्लासरूम की पढ़ाई के साथ रचनात्मकता का जुड़ना ही व्यक्तित्व का सच्चा विकास है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नियति को अन्य विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल करार दिया, जो यह सिखाती हैं कि व्यस्तता के बीच भी अपने पैशन को कैसे जिंदा रखा जाता है।

### जिला अस्पताल का नामकरण गुरु घासीदास के नाम पर करने की मांग



**पुरी।** अनुसूचित जाति मोर्चा भोथली मंडल के अध्यक्ष पालनहार दिली ने जिला अस्पताल का नामकरण संत गुरु घासीदास के नाम पर किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने समाज को मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की राह दिखाई है। ऐसे में गुरु घासीदास के नाम से अस्पताल का नाम होगा तो जिला एवं सतनामी समाज के लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने जिला अस्पताल का नाम गुरु घासीदास के नाम पर करने की महापौर की मांग का समर्थन किया है।

## अंचल की खबरें

### प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**जीजामगांव।** कोनी में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर जी-जामगांव के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। महोत्सव के शिशु वर्ग मानस प्रथमाक्षरी प्रतियोगिता में शिवांगी, लक्ष्मी एवं हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बाल वर्ग एकल प्रतियोगिता में सेजल कुर्रे ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। गीता पाठ प्रतियोगिता में तूलिका साहू द्वितीय रही। विद्यालय परिवार एवं समिति ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### परसट्टी में अखंड रामधुनी का हुआ समापन





**सिर्री।** ग्राम परसट्टी (धूमा) में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी तीन दिवसीय अखंड रामधुनी का आयोजन 1 से 3 अक्टूबर तक हुआ। शनिवार को शाम 4 बजे पूर्णाहुति एवं समापन कार्यक्रम रखा गया। रात्रि में गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी (बालोद) की प्रस्तुति हुई जिसका दर्शकों ने आनंद लिया।

### धान खरीदी नीति और अनुबंध में सुधार की मांग




■ सहकारी समितियों को आर्थिक नुकसान से बचाने महासंघ ने खाद्य विभाग को सौंपा ज्ञापन

**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर ने धान खरीदी, परिवहन नीति एवं अनुबंध में आवश्यक सुधार की मांग की है। महासंघ ने रायपुर स्थित खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण कार्यालय पहुंचकर लिखित मांग पत्र सौंपा। महासंघ का कहना है कि समय पर धान का परिवहन नहीं होने से प्रदेश सहित विभिन्न जिलों की सहकारी समितियां लगातार आर्थिक नुकसान की ओर बढ़ रही हैं। इसका सीधा असर समिति कर्मचारियों के वेतन, किसानों को मिलने वाले लाभांश तथा कार्यालयों में आवश्यक सुविधाओं पर पड़ रहा है। महासंघ ने मांग की है कि इस वर्ष की धान खरीदी नीति और अनुबंध में ऐसा सुधार किया जाए, जिससे समय पर धान का उठाव सुनिश्चित हो और समितियों को आर्थिक क्षति से बचाया जा सके। महासंघ के अनुसार सर्वसुविधायुक्त कार्यालय, कर्मचारियों को समय पर वेतन तथा किसानों को लाभांश उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था में सुधार जरूरी है। भारत सरकार के सहकारिता मंत्री अमित शाह की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में सहकार से समृद्धि लाने के लिए यह सुधार आवश्यक बताया गया। इस दौरान प्रदेश सलाहकार बलदेवराम साहू धमतरी एवं जयराम वर्मा रायपुर उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी।

# गायत्री परिवार के 565 कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

■ सभी ने गुरु कार्य करने का लिया संकल्प, नेतृत्व विकास शिविर का नगरी में समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के पांचों विकास खंड धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा के सुपर 100 कार्यकर्ताओं के लिए नेतृत्व विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले भर से 565 कार्यकर्ता शामिल होकर गुरु कार्य करने का संकल्प लिया। अभियान का समापन गायत्री शक्तिपीठ नगरी में हुआ। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष में जिले के संकल्पों को पूरा करना है। उपजोन रायपुर के मास्टर ट्रेनर सीपी साहू, एमएल साहू संगठन प्रभारी, सूरज लांबा जन्म शताब्दी प्रभारी एवं प्राणेश विश्वास बाल संस्कार शाला विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि गांव-गांव में साप्ताहिक यज्ञ एवं संस्कार, दीप यज्ञ, समूह साधना, पुंसवन संस्कार, ऋषि परंपरा को जीवित करना, बाल संस्कार शाला का संचालन, सप्त क्रांति आंदोलन, नशा मुक्त अभियान को पहुंचाना है। प्रशिक्षक एमएल साहू ने प्रशिक्षार्थियों को क्षेत्र में जाकर गुरु कार्य करने का संकल्प कराया। क्षेत्रों में कार्य करने जिले में 80 टोली का गठन किया गया है जिसकी मानिटरिंग चित्रभानु तेजस एवं रविशंकर सोन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं आभार प्रदर्शन ब्लाक समन्वयक राम कुमार सामरथ ने किया।



# ग्रामीणों ने लिया नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प

■ खिसोरा में नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम, नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत खिसोरा में नशा मुक्ति जनजागरूकता एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि वीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष थे। कार्यक्रम में राजेश साहू जनपद सभापति, श्रीमती राखी साहू सरपंच, श्रीमती देवांगन मैडम, श्री जायसवाल, चम्पेश्वर यादव, किशन साहू, ग्राम पंचायत सचिव, पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है। नशे के विरुद्ध केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पात्र हितग्राहियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान सभी लोगों ने नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की सामूहिक शपथ ली।

# विद्यार्थियों से संवाद कर सरपंच ने जानी भविष्य की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सरपंच संतकुमार मरकाम ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ करीब 4 घंटे तक संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचि, समस्याओं और भविष्य के लक्ष्यों को नजदीक से समझने का प्रयास किया। विद्यार्थियों से चर्चा कर यह जाना कि वे किस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और उसे हासिल करने के लिए किस तरह मेहनत कर रहे हैं।

संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं को सामने रखा। सरपंच श्री मरकाम ने कहा कि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थी सरकारी नौकरी की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन सही मार्गदर्शन के अभाव में वे भटक जाते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को समय रहते लक्ष्य निर्धारित कर नियमित दिनचर्या बनाने और निरंतर मेहनत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सरकारी नौकरी पाना ही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। शिक्षा के साथ एक अच्छा इंसान बनना भी बड़ी उपलब्धि है। मनोरंजन, नृत्य, कला, खेल, व्यवसाय सहित अनेक क्षेत्रों में भी युवा अपनी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रूपबसंत विश्वकर्मा, शुभकेवल नेताम, शुभम यादव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

## प्रशिक्षु शिक्षकों के कार्य एवं शिक्षण कौशल का किया अवलोकन

# नगरी विकासखंड के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक छिपली, गोरेगांव, बोड़रा एवं मिडिल स्कूल गोरेगांव में डाइट के वरिष्ठ संकाय सदस्य डीके साहू एवं व्याख्याता प्रकाश सिंह द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु छात्राध्यापकों के शिक्षण कौशल, कक्षा अनुशासन, कार्यकुशलता, नियमित उपस्थिति एवं समय की पाबंदी का अवलोकन किया गया। साथ ही दैनिक पाठ योजना, शिक्षण विधि, गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम का उपयोग, कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों से संवाद तथा पर्यवेक्षण डायरी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली गई।

विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शिक्षण स्तर का आकलन करने के लिए बच्चों के पठन, लेखन एवं गणितीय समझ की जांच की गई। प्राथमिक शाला छिपली की कक्षा तीसरी के तीन बच्चों तथा बोड़रा प्राथमिक शाला के कुणाल कश्यप सहित अन्य विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए। सभी बच्चों ने गणितीय सवालों एवं पठन कौशल का संतोषजनक प्रदर्शन किया। निरीक्षण के दौरान सभी प्रधानपाठक एवं शिक्षक कक्षा शिक्षण में संलग्न पाए गए। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मूलभूत सुविधाएं, मध्यान्ह भोजन, संसाधनों की उपलब्धता एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति संतोषप्रद मिली।

मौके पर सोनिया साहू, दुलेश्वरी चन्द्रवंशी, पद्मावती ध्रुव, अल्का नाग, हेमप्रभा साहू, डिलेश्वरी साहू, राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
ESTD. - 1910
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

24 घंटे भर्ती सुविधा
एनआईसीयु
आईसीयु
पीडियाट्रिक वार्ड
टीकाकरण
ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### ओपन स्कूल की अवसर परीक्षा 23 नवंबर से

**दुर्गूकोदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर की नवम्बर 2026 मुख्य/अवसर परीक्षा 23 नवंबर से शुरू होगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोंदल के प्राचार्य अजय नेताम ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा 23 नवंबर से 8 दिसंबर तथा हायर सेकण्डरी परीक्षा 23 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि और विषय के अनुसार परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा की विस्तृत समय-सारिणी अध्ययन केंद्र दुर्गूकोदल तथा राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत मुरामेर निवासी 31 वर्षीय मगंउ राम पिता भखउ राम का इलाज के दौरान मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक बैल के हमले से घायल हो गया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**न्यायालय- न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**// समंस//**

प्रो.क्र.-196/05-10-26
प्र.क्र.-03 अ/2026
पेशी दिनांक 27/10/2026

श्रीमती धनेश्वरी राजपूत उम्र 60 वर्ष
बेवा स्व. मनोहर सिंह राजपूत
निवासी:- आमातालाब रोड पोस्ट आफिस वार्ड तह. व जिला धमतरी छ.ग. ...आवेदिका

विरूद्ध

1. आम जनता (जिनका संबंध हो)
2. छत्तीसगढ़ शासन मार्फत कलेक्टर, जिला धमतरी (छ.ग.) ...अनावेदकगण

प्रति, **आम जनता (जिनका संबंध हो)** को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति धनेश्वरी राजपूत के द्वारा इस न्यायालय में अक्षत सिंह राजपूत एवं कु. अयाना राजपूत के विधिक संरक्षक/अभिभावक घोषित किये जाने के संबंध में धारा 07 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम के तहत आप अनावेदकगण आम जनता (जिनका संबंध हो) वगै. के विरूद्ध आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण दिनांक 27.10.2026 दिन मंगलवार को सुबह 11.00 बजे सुनवाई हेतु न्यायालय कुटुम्ब न्यायालय धमतरी मे नियत है।

अतः आप अनावेदकगण आम जनता (जिनका संबंध हो) पेशी दिनांक 27.10.2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में आपके विरूद्ध एकपक्षीय रूप से कर आदेश पारित किया जावेगा। यदि उक्त दिनांक को न्यायालयीन अवकाश होगा तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन कार्य दिवस पर की जावेगी।

यह आज दिनांक 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया।

**(कु. राधिका सैनी)**
**न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय धमतरी (छ.ग.)**

### प्रतिभागियों ने विजुअल प्रेजेंटेशन के जरिए समझाया बिजनेस मॉडल

# 150 छात्रों ने पेश किए नए आइडिया, पांच करोड़ की इनोवेशन चुनौती के लिए आह्वान




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में सेवा प्रथम नवाचार चुनौती सह जिला स्तरीय शिक्षा, उद्यमिता एवं नए व्यवसाय विकास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर अपने रचनात्मक व व्यावहारिक विचार साझा किए।

व्यावहारिक नवाचार सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने आस-पास की जमीनी समस्याओं को चिन्हित कर उनके तकनीकी व व्यावसायिक समाधान प्रस्तुत किए। कुछ प्रतिभागियों ने विजुअल प्रेजेंटेशन के जरिए अपने बिजनेस मॉडल समझाए। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को समस्या की पहचान, विचार सृजन, बिजनेस पिचिंग से लेकर स्टार्टअप शुरू करने की पूरी प्रक्रिया समझाई। साथ ही छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-30 और राज्य नवाचार एवं नए व्यवसाय प्रोत्साहन नीति 2025-30 के प्रावधानों से अवगत कराया।

#### 5 करोड़ रुपए की इनामी राशि, 17 अक्टूबर तक मौका

सीजीएस नेटवर्क के निदेशक उमेश महिलानी ने युवाओं को युवा धमतरी पोर्टल और सेवा प्रथम नवाचार चुनौती की पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कुल 5 करोड़ रुपये का पुरस्कार फंड रखा गया है, जिसके तहत 50 विजेताओं को अधिकतम 10 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए 17 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

#### आईआईएम रायपुर के प्रतिभागियों को मिला प्रमाण-पत्र

समारोह में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), रायपुर द्वारा पूर्व में आयोजित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर एसडीएम कुरूद पीयूष तिवारी, उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक लोकपाल खंडेकर, नायब तहसीलदार योगेश नितमलकर, महाविद्यालय के प्राचार्य पाण्डेय, प्रशांत चंद्राकर, कार्यक्रम प्रभारी एचएल टंडन और तामकार सहित कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महामाई मंदिर फरसियां में नवरात्रि पर जलेगी मनोकामना ज्योति

- वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना है महामाई धाम, दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर मां महामाई मंदिर फरसियां में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मां महामाई धाम फरसियां क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए लंबे समय से आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र रहा है।

समिति के अध्यक्ष शिवदयाल साहू, सचिव नीरज सोन एवं कैलाश सोन ने बताया कि महामाई मंदिर फरसियां में विगत कई वर्षों से नवरात्रि पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जाती रही है। श्रद्धालु माता के चरणों में अपनी मनोकामना रखते हुए विधि-विधान से ज्योति प्रज्वलित करते हैं और नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की आराधना एवं भक्ति में लीन रहते हैं। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर सर्वधर्म तीर्थ स्थल 16 पाली सेवा समिति फरसियां द्वारा मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, श्रद्धालुओं के आवागमन, मनोकामना ज्योति के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

नवरात्रि के प्रथम दिवस स्व. मोहनलाल साहू नगरी की स्मृति में खेमेन्द्र कुमार साहू द्वारा, द्वितीय दिवस तन्मय, जया, नेहा, वानशी, जवाहर मरकाम फरसियां (सुबह), स्कूलपारा बोड़रा (शाम), तृतीय दिवस जनकराम साहू फरसियां, चतुर्थ दिवस स्व. खुजूराम मोहन एवं ठगिया बाई मोहन की स्मृति में पुत्र-पौत्र ग्राम भोथली, पंचम दिवस अश्वनी सार्वा गोरेगांव, छठवां दिवस खिरभान साहू फरसियां, सरगम ट्रॉसपोर्ट भोथली, शोभाराम देवांगन सह परिवार, सप्तम दिवस स्व. लक्ष्मण साहू की स्मृति में पुत्र खिरभान साहू, टिकेश्वर साहू फरसियां, आठवां दिवस खिलानंद यदुराज गोरेगांव के सहयोग से भंडारे की व्यवस्था रहेगी। तैयारी में जवाहर लाल ध्रुव, गजानंद कश्यप, राधेश्याम साहू, दीनदयाल सेन, जोहन नेताम, यशवंत साहू, कमलेश साहू, चंद्रहास यादव, रज्जू समेत समिति के अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

# गांधी जयंती पर सुखराम नागे महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्रो. आरआर मेहरा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग एवं डॉ. ममता सौरज अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान के मार्गदर्शन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रो. आरआर मेहरा विभागाध्यक्ष ने महात्मा गांधी के राजनीतिक एवं सामाजिक चिंतन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव की स्थापना में गांधीवादी विचार आज भी महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए गांधी जी के सिद्धांतों को वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़कर समझाया। डॉ. ममता सौरज अतिथि व्याख्याता ने विद्यार्थियों को गांधीजी के आदर्शों एवं उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में शांति, सद्भाव एवं जम्मिदार नागरिकता की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। राजनीति विज्ञान विभाग के एमए के छात्र-छात्राएं ज्योति मरकाम, प्रियंका नेताम, सीमा कुंजाम, ललिता निषाद, आशीश साहू, सुयष सोम, अमनराज ने अपने विचार व्यक्त किया।

# ओबीसी जनगणना में अलग कॉलम की मांग को लेकर लेखराम ने उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हैदराबाद में आयोजित ओबीसी हुंकार रैली में कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने ओबीसी वर्ग की जनगणना में अलग कॉलम शामिल करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश और ओबीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद के आदेश पर आयोजित रैली में लेखराम साहू ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए।

श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना में एसटी और एससी वर्ग के लिए कॉलम है, लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम नहीं बनाया गया है। इससे ओबीसी की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा सामने नहीं आएगा और आरक्षण सहित अन्य अधिकारों में इस वर्ग को नुकसान उठाना पड़ सकता है। ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद की अध्यक्षता में इंदिरा भवन दिल्ली में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि ओबीसी कॉलम की मांग को लेकर देशभर में जनहुंकार रैलियां जारी रहेंगी।

# नगरी-सिहावा क्षेत्र की सड़कें बदहाल, जगह-जगह गड्ढों से हादसे का खतरा





- जर्जर सड़क से राहगीर और वाहन चालक परेशान, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी-सिहावा क्षेत्र की अधिकांश सड़कों की स्थिति दयनीय हो गई है। जर्जर सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस मार्ग में नगरी, सांकरा, घठुला और बेलरगांव सबसे बड़ा गांव है। इन गांवों के पहुंच मार्ग से होकर रोजाना नगरी सिहावा कांकेर, केशकाल, कोंडागांव व उड़ीसा के लिए सैकड़ों मालवाहकों के साथ ही यात्री वाहनें चल रहे हैं। वहीं देवपुर सिहावा बिरगुड़ी बांसपानी होते कांकेर निकलता है। बांसपानी चौक से घोटगांव, धमतरी जाने के रास्ते साथ ही नगरी विकासखंड के मेन रोड के विभिन्न छोटे-छोटे गांव को जोड़ने वाले रास्ते की भी हालत खराब है। सांकरा, घटुला, बेलर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव व नगरी के लिए यात्री वाहनें चलते हैं। इस मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। इस मार्ग में वाहनों की स्पीड काफी ज्यादा होती है। इससे सायकल सवार और राहगीरों को हादसा होने का डर सताते रहता है। थोड़ी बारिश में भी गड्ढों में पानी भर जाता है। बोराई रोड पर करीब 1 माह से गड्ढे को छोड़ दिया गया है।

बोराई के सरपंच माखन लाल ने बताया कि इस क्षेत्र में कई जगह जगह बड़े- बड़े गड्ढे हैं। विभाग द्वारा कुछ जगहों पर रिपेरिंग कार्य किया गया है। सरपंच बांसपानी दुर्गा कोडोपी ने बताया कि इस मार्ग की हालत 1 साल से खराब है। जगह-जगह गड्ढे और अधूरे रोड व धूल से लोग परेशान हैं। सरपंच उमरगांव ने बताया कि संकरे मार्ग पर चलने से छात्र-छात्राओं को खतरा हमेशा बना रहता है। बड़े वाहन को साइड देने में परेशानी होती है।शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

सरपंच जैतपुरी डोमार ध्रुव ने कहा कि गांव से करीब 40 किलोमीटर दूर मुख्यालय है। रोड की हालत खराब है। घुरावड़ पुल का छड़ दिखाई दे रहा है। गड्ढों की मरम्मत नाम मात्र की गई है। मुख्यमंत्री के आने की खबर पर विभाग द्वारा सांकरा रोड पर गिट्टी डाली गई है।

# भाटागांव स्कूल के पोखराज का कबड्डी में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭सिरी

शाउमावि भाटागांव के विद्यार्थी पोखराज 7 से 10 अक्टूबर तक बिलासपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय कबड्डी सीनियर प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। पोखराज वर्ष भर कबड्डी के पारंपरिक खेल का अभ्यास गांव में करते हैं और ओपन की प्रतियोगिता में राज्य भर खेलने जाते हैं। धमतरी जिले से चयनित एकमात्र सीनियर वर्ग कबड्डी खिलाड़ी की मेहनत का परिणाम है। पोखराज की इस उपलब्धि पर प्राचार्य एलआर निषाद, सरपंच पुष्पलता साहू, उपसरपंच प्रीतम साहू, आदर्श चंद्राकर, नरसिंह साहू, गजेंद्र साहू, ठाकुरराम साहू, राजेन्द्र चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर ने हर्ष जताया है।




## अंचल की खबरें

### ज्याउल हुसैनी फाउंडेशन ने बेन्द्रानवागांव में रोपे पौधे



**धमतरी।** ज्याउल हुसैनी फाउंडेशन द्वारा ज्याउल हुसैनी के जन्मदिवस व प्रकृति दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि पौधरोपण का उद्देश्य लगाये गये पौधों को संरक्षित करना है। इस विचार को ध्यान में रखते पौधों को लगाने ऐसे स्थान का चुनाव किया जाता है जहां इन पौधों को पर्याप्त मात्रा में पानी व सुरक्षा मिल सके। उसका सही विकास हो सके। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत बेन्द्रानवागांव में आयोजित किया गया। इसमें सरपंच श्रीमती प्रसुन्न शुक्ला व देवी महिला समूह का सहयोग प्राप्त हुआ। गांव की विभिन्न बाड़ियों में जाम, जामुन, बोहारभाजी, कटहल ,काजू, नीम आदि पौधों का रोपण किया गया। मौके पर मुनीजा हुसैनी, वैभव जगने, डेमन सोनकर, जैकी अहमद, झंकार शर्मा, एकता सिंह, दामिनी, वर्षा ध्रुव, अनिषा नेताम, महेश्वरी नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

### संतोषी को इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की छात्रा संतोषी मत्स्यपाल ने प्रथम बार भारत में आयोजित इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमिते में स्वर्ण पदक एवं काता में रजत पदक अर्जित कर महाविद्यालय, धमतरी एवं छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने कहा कि संतोषी की यह सफलता केवल एक स्वर्ण पदक की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह हमारी बेटियों की प्रतिभा, मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। हमारी बेटियां आज शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला, विज्ञान और प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने खेल अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर बांधे के अथक प्रयास की भी सराहना की।



### कलारतराई में बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर हुआ जागरूकता संवाद



**धमतरी।** बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल को लेकर ग्राम कलारतराई के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं और ग्रामीणों को बच्चों के पोषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल के साथ आंगनबाड़ी केंद्र की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पौष्टिक आहार देने, स्वच्छता का ध्यान रखने और नियमित रूप से आंगनआड़ी केंद्र भेजने के महत्व पर जानकारी दी। इस दौरान माताओं ने भी सहभागिता निभाई और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सरपंच कुलदीप ध्रुव, उपसरपंच माधवेंद्र साहू, तरुण साहू, निर्मल साहू, रामस्वरूप साहू, पंच रवि सेन, डागेंद्र साहू, रूपेश साहू, पंचायत सचिव नेहा साहू, सुपरवाइजर तरुण यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंबिका साहू एवं तामेश्वरी साहू सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### परसदा की टीम ने जीता खिताब



**कुरुद।** ग्राम सिलौटी में आयोजित एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ। कार्यक्रम में जपं कुरुद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अनिलराव शिंदे ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच टिकेश्वरी नेताम, पूर्व परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू थे। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद परसदा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सियनमरा की टीम दूसरे, भोथली तीसरे और पाहंदा की टीम चौथे स्थान पर रही। विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। खेल से अनुशासन, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक साहू ने किया।

### रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने ग्राम बलियारा में विधायक निधि से स्वीकृत बाजार चौक में कांक्रीटीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से भेंटकर स्थानीय आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। विधायक श्री साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और सार्वजनिक स्थलों का विकास जनसुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। विधायक निधि के माध्यम से क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्री साहू ग्राम में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता में भी शामिल हुए। उन्होंने रामधुनी मंडलियों के प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि रामधुनी के माध्यम से भक्ति, आस्था और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

## खबर संक्षेप

### नवदीप का सीके नायडू ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट टीम में चयन

**धमतरी।** धमतरी जिला क्रिकेट संघ के युवा तेज गेंदबाज नवदीप



सामले ने अपनी धारदार गेंदबाजी के दम पर राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। नवदीप का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कर्नल स्व. सीके नायडू ट्रॉफी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की अंडर-23 टीम में हुआ है। नवदीप की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शरद रणसिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, सचिव अजय बाबर, सहसचिव सकुश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश दीवान, कोच सजल चंद्राकर सहित जिले के खेल प्रेमियों में हर्ष है।

### भाषण प्रतियोगिता में जागृति प्रथम रही



**कांकेर।** सेवा सेतु अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोदागांव की कक्षा आठवीं की छात्रा जागृति साहू ने माध्यमिक स्तर की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्रभावशाली अंदाज में विकसित भारत-2047 विषय पर देश की पिछले 25 वर्षों की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर विचार रखे।

### छूटे व नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में छूटे एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर पात्र नागरिकों की जानकारी लेकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने पात्र नागरिकों से अभियान का लाभ लेने के लिए आव्हान किया। फॉर्म-6 के जरिए बीएलओ, ऐप अथवा वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### सेवा ज्योति यात्रा में अधिक सहभागिता देने का आह्वान

**दुर्गूकोंदल।** सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को कांकेर के नया बस स्टैंड में जिला स्तरीय सेवा ज्योति यात्रा आयोजित होगी। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पश्चिम रायपुर विधायक राजेश मुणत सहित जिले के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो, महामंत्री शकुंतला नरेटी व रामचंद्र कल्लो तथा मीडिया प्रभारी संजय उइके ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। कार्यकर्ताओं के लिए दो रूटों से बसों की व्यवस्था की गई है। युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास राजू नायक ने भी युवाओं से सहभागिता का आह्वान किया।

# स्थानीय बाजार में अब 140 रु. किलो बिकेगी ग्रामीण तालाबों की मछली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में मछुआरा समुदाय, मत्स्य समितियों, समूहों एवं मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने की दिशा में जिला पंचायत ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ग्रामीण तालाबों से आखेटित मछलियों में से स्थानीय उपभोक्ताओं को स्थानीय बाजारों में विक्रय की जाने वाली निर्धारित 20 प्रतिशत मछलियों की विक्रय दर में वृद्धि की गई है। अब यह मछली 120 रुपये प्रति किलोग्राम के स्थान पर 140 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय की जाएगी। संशोधित दर 3 अक्टूबर 2026 से प्रभावशील हो गई है। जिला पंचायत की अधीनस्थ कृषि स्थायी समिति की 28 सितंबर को आयोजित बैठक में प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया था। इसके बाद 1 अक्टूबर को आयोजित जिला पंचायत की सामान्य सभा में अंतिम अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके परिपालन में सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा द्वारा संशोधित विक्रय दर लागू करने संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है।

## 20 प्रतिशत मत्स्य उत्पादन के स्थानीय विक्रय की दर में 20 रुपए प्रति किलो की वृद्धि

### स्थानीय उत्पादन को मिलेगा बेहतर बाजार, मछुआरों की आय बढ़ाने में मदद

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि स्थानीय बाजार में मछली की निर्धारित मात्रा के विक्रय की दर बढ़ाने का सीधा लाभ मछुआरा समुदाय को मिलेगा। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले में बड़ी संख्या में धीवर समाज के परिवार मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हैं। जिले के डुबान क्षेत्र में भी अनेक परिवारों की आजीविका मछली आखेट और मत्स्य पालन पर निर्भर है। ऐसे में मछली के बेहतर मूल्य से उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



### डुबान क्षेत्र के परिवारों की आजीविका को मिलेगा संबल

जिले के डुबान क्षेत्र में रहने वाले अनेक परिवार पीढ़ियों से जल संसाधनों से जुड़ी गतिविधियों और मत्स्य व्यवसाय पर निर्भर हैं। मत्स्य आखेट, मछली की छंटाई, परिवहन, स्थानीय विक्रय तथा इससे जुड़ी अन्य गतिविधियों के माध्यम से इन परिवारों को रोजगार मिलता है। विक्रय दर में वृद्धि से इस पूरी स्थानीय आर्थिक श्रृंखला को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गरबा ट्रेनर रुचि आहिर देंगी प्रशिक्षण

# गरबा की थाप पर थिरकेगा धमतरी, आज से 9 अक्टूबर चलेगी नि:शुल्क ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि पर आयोजित होने वाले आराध्य गरबा 2026 के लिए



प्रतिभागियों को विशेष गरबा प्रशिक्षण 7 से 9 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 10 बजे तक दिया जायेगा। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गरबा ट्रेनर रुचि आहिर प्रतिभागियों को गरबा के विभिन्न स्टेप्स और प्रस्तुति की बारीकियां सिखाएंगी।

गौरतलब है कि आराध्य गरबा 2026 का आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड में प्रतिदिन रात 8 बजे से किया जाएगा। आयोजन की विशेषता यह है कि नवरात्रि की प्रत्येक रात अलग थीम और रंग के साथ गरबा का आयोजन होगा।



पहले दिन बॉलीवुड रेट्रो, दूसरे दिन अलबेलो गुजराती, तीसरे दिन हमर धरोहर-हमर संस्कृति, चौथे दिन श्रीराम के दीवाने, पांचवें दिन रॉयल नाइट राजवाड़ा, छठवें दिन महाकाल के भक्त, सातवें दिन कृष्ण लीला, आठवें दिन रंगीलो गुजराती और अंतिम दिन भारत दर्शन थीम रखी गई है। आयोजन में गरबा के साथ भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और विभिन्न क्षेत्रीय परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी संस्कृति, गुजराती परंपरा, धार्मिक कथाओं और राष्ट्रभावना से जुड़ी थीम को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमर धरोहर, हमर संस्कृति जैसी थीम के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सामने लाने का प्रयास किया गया है। वहीं श्रीराम के दीवाने, महाकाल के भक्त और कृष्ण लीला जैसी थीम के जरिए धर्म और भक्ति के भाव को गरबा के मंच से जोड़ा जाएगा। अंतिम दिन भारत दर्शन थीम के माध्यम से देश के महान क्रांतिकारी महापुरुषों को स्मरण करते हुए युवाओं में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना का संदेश देने का प्रयास रहेगा।

### गरबा हमारी संस्कृति और आस्था को जोड़ने का माध्यम : पं. राजेश शर्मा



आराध्य गरबा 2026 के आयोजक भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य पं. राजेश शर्मा ने कहा कि गरबा केवल नृत्य और मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपरा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता को जोड़ने वाला उत्सव है। नवरात्रि के दौरान गरबा के माध्यम से मां भगवती की आराधना के साथ युवा पीढ़ी को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 7 से 9 अक्टूबर तक गरबा प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गरबा ट्रेनर रुचि आहिर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगी। प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को गरबा के सही स्टेप्स, ताल, लय और सामूहिक प्रस्तुति का अभ्यास मिलेगा। इससे मंच पर प्रस्तुतियों में अनुशासन, तालमेल और आकर्षण देखने को मिलेगा।

## फिट एण्ड क्लीन टीम ने मां अंगारमोती मंदिर परिसर में चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फिट एण्ड क्लीन की टीम मां अंगारोती मंदिर गंगरेल पहुंची। देवी दर्शन के पश्चात युवाओं की टीम ने मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र में लगभग डेढ़ क्विंटल कचरा निकाला। दर्शनार्थियों एवं आसपास के लोगों से अपील की कि वे मंदिर परिसर और उसके आसपास कचरा न डाले तथा साफ सुथरा रखने का प्रयास करें। टीम के सदस्यों ने मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष से चर्चा कर बताया कि यह तीसरा रविवार है। मां अंगारमोती मंदिर में सफाई के दौरान लगभग 10 से 12 लोगों की बढ़ोत्तरी हुई। टीम से लोग जुड़ रहे हैं। यह टीम सिर्फ सफाई के उद्देश्य से काम कर रही है। मौके पर आरती सोनी, चेतन सोनकर, मनीष चौधरी, वेवंश सिन्हा, हर्ष चौहान, पृथ्वी रक्ताने, वसीम खान, शिवम, सूर्यकांत कश्यप, जैलेश नेताम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## प्री-प्राइमरी के छात्र जंगली पशु के मुखौटों में नजर आए





■ मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में वर्ल्ड एनिमल डे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पशुओं एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण और प्रेम की भावना जगाने विश्व पशु दिवस (वर्ल्ड एनिमल डे) का आयोजन किया गया। प्री-प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने विभिन्न पालतू एवं जंगली पशुओं के मुखौटे एवं वेशभूषा पहनकर उस संबंधित पशुओं के विषय में कुछ पंक्तियां बोलीं।

इस तरह के आयोजन से बच्चों में वन्य जीव संरक्षण एवं उनके प्रति प्रेम और संवेदनशीलता की भावना का विकास होता है। शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह एवं प्राचार्य स्टीव लाल ने छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उन्होंने छात्रों एवं पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि पूरे जीवन निभाई जाने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है जिसके पालन से सभी मनुष्यों का भविष्य बेहतर बनाया जा सके।

## 2.50 लाख की सहायता के बाद भी नहीं शुरू हुआ निर्माण कार्य

■ प्रधानमंत्री आवास के 436 हितग्राहियों को अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत पक्के मकान का सपना देख रहे हितग्राहियों के लिए नगर निगम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने की कवायद शुरू कर दी है। योजना में आवास स्वीकृत होने के बावजूद अब तक निर्माण शुरू नहीं करने वाले 436 हितग्राहियों को 30 सितंबर तक काम शुरू करने का अंतिम अवसर दिया गया था। तय समय में निर्माण शुरू नहीं होने पर निगम आगे की कार्रवाई कर रहा है।

नगर निगम धमतरी क्षेत्र में योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 747 आवासों की तुलना में 1231 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 641 आवासों का निर्माण अलग-अलग चरणों में चल रहा है, जबकि 154 आवास पूर्ण हो चुके हैं। निर्माणाधीन आवासों में 191 फाउंडेशन स्तर, 203 लिंटेल स्तर और 247 रूफ स्तर तक पहुंच चुके हैं। निगम की ओर से निर्माण कार्य की प्रगति की लगातार निगरानी की जा रही है।

योजना के तहत पात्र हितग्राही को आवास निर्माण के लिए कुल 2.50 लाख रुपये की सहायता चार किस्तों में दी जाती है। पहली किस्त एक लाख रुपये की होती है, जबकि बाद की तीन किस्तों में 50-50 हजार रुपये दिए जाते हैं। प्रत्येक अगली किस्त निर्माण की प्रगति के आधार पर जारी की जाती है। आवास निर्माण पूरा करने के लिए 18 माह की समय-सीमा निर्धारित है।

### 259 हितग्राहियों के भुगतान का प्रस्ताव

अब तक 154 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इनमें 18 हितग्राहियों को पूरी राशि का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 136 हितग्राहियों की राशि लंबित है। केंद्र से राशि प्राप्त होने के बाद लंबित भुगतान किया जाएगा। निर्धारित अवधि में आवास पूरा करने वाले आठ हितग्राहियों को 32,850 रुपये प्रति हितग्राही प्रोत्साहन राशि दी जा चुकी है। आठ अन्य हितग्राहियों के लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया है। 259 हितग्राहियों की किस्त के लिए करीब 2.06 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वहीं नौ सितंबर को 93 हितग्राहियों को करीब 40 लाख रुपये की किस्त जारी की गई। 66 नए आवासों के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है।

## लक्ष्य के परिवार के साथ खड़ा हुआ निगम महापौर रामू ने सौंपा चार लाख का चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोरिद वार्ड निवासी लक्ष्य साहू की नाले में डूबने से हुई आकस्मिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दुखद घटना के बाद महापौर रामू रोहरा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और चार लाख रुपए की सहायता राशि का चेक दिवंगत लक्ष्य साहू के पिता गौतम साहू एवं माता धनेश्वरी साहू को सौंपा।



महापौर ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि बेटे को खोने का दर्द शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। यह परिवार की अपूरणीय क्षति है। संकट की इस घड़ी में परिवार स्वयं को अकेला न समझे, नगर निगम परिवार पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा है। महापौर ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है। जनता के सुख-दुःख में साथ खड़ा होना भी हमारी जिम्मेदारी है। लक्ष्य साहू के परिवार पर आई विपदा में नगर निगम हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

इस घटना को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने नालों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों को चिन्हांकित कर वहां सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम, चेतावनी संकेत एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम के जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

## धमतरी का सड़क नेटवर्क होगा और मजबूत : चेतन



**धमतरी।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि धमतरी जिले के विकास को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता अब धरातल पर दिखाई दे रही है। जिले में एक साथ 101 करोड़ रुपए से अधिक के सड़क विकास कार्यों को मंजूरी मिलना बताता है कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की सक्रियता से धमतरी जिले को सड़क विकास की बड़ी सौगात मिली है। बारिश के बाद अब काम शुरू करने की तैयारी है। सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकास की नई राह खोलेगा। जिले के कई महत्वपूर्ण मार्गों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से आम लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। सड़कें बेहतर होने से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, व्यापारियों को माल परिवहन करने और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सहूलियत होगी।

## दिसंबर में नगरीय चुनाव, लेकिन बड़ी करेली नगर पंचायत अधिकारी विहीन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

आगामी दिसंबर माह में नगर पंचायत बड़ी करेली में नगरीय निकाय चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता नामावली पुनरीक्षण कार्य के लिए समय-सारिणी भी निर्धारित की जा चुकी है। नगर पंचायत बड़ी करेली में आवश्यक अधिकारी-कर्मचारियों की कमी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। निर्वाचन प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों और जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। ऐसे में नगर पंचायत में पर्याप्त अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ी है।

■ एक सीएमओ के भरोसे हो रहा पूरा कामकाज

नगर पंचायत का गठन फरवरी 2026 में हुआ था। गठन के बाद से यहां



नियमित सीएमओ के अलावा आवश्यक अधिकारी-कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो सकी है। नगर पंचायत में सब इंजीनियर, राजस्व निरीक्षक और सहायक ग्रेड-3 जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियमित अधिकारी-कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण निर्माण कार्य, राजस्व संबंधी कार्य, कार्यालयीन प्रक्रिया तथा आम नागरिकों से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

नगर पंचायत में लेखापाल और इंजीनियर मगरलोड नगर पंचायत के नियमित अधिकारी हैं, जिन्हें बड़ी करेली नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मगरलोड नगर पंचायत के नियमित कार्यों के साथ बड़ी करेली का प्रभार होने के कारण वे बड़ी करेली में नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो पाते और कभी-कभी ही यहां पहुंचते हैं। इससे संबंधित कार्यों के निपटारे में देरी की स्थिति बन रही है। वर्तमान में नगर पंचायत के कई कार्य अस्थायी कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। संबंधित कार्यों एवं प्रक्रियाओं की पर्याप्त जानकारी और नियमित अधिकारियों के मार्गदर्शन के अभाव में फाइलों तथा विभिन्न प्रकरणों के निपटारे में समय लग रहा है। इसका सीधा असर आम नागरिकों के कार्यों पर पड़ रहा है। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए मतदाता नामावली पुनरीक्षण सहित निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए भी प्रशासनिक अमले की आवश्यकता बढ़ गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के साथ राजस्व विभाग से संबंधित जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। ऐसे में केवल एक नियमित सीएमओ के भरोसे नगर पंचायत का पूरा प्रशासनिक कामकाज संचालित करना चुनौतीपूर्ण हो रहा है।

वहीं नगर पंचायत की समिति भंग कर प्रशासक की नियुक्ति किए जाने के बाद भी अधिकारी-कर्मचारियों की कमी बनी हुई है। नगर पंचायत के नियमित कामकाज, निर्वाचन संबंधी तैयारियों और आम नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए सब इंजीनियर, राजस्व निरीक्षक, सहायक ग्रेड-3 सहित आवश्यक अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना अथवा पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की जरूरत है, ताकि कार्यों में हो रही लेटलतीफी दूर हो और नागरिकों को समय पर सेवाएं मिल सकें।







